भाग 1:
नाशवान मनुष्य

हम में से अधिकतर लोग जानना चाहते हैं कि हमारा भविष्य कैसा होगा। भविष्य बताने का दावा करने वाले लोग कुछ विशेष लोगों में प्रसिद्ध होते हैं। सस्पैंस से भरी कोई किताब पढ़ते हुए, व्याकुल हो जाने पर हम अक्सर यह देखने के लिए कि क्या हुआ, अन्त तक उस किताब को पढ़ लेते हैं। हम में से अधिकतर लोग जानना चाहते हैं कि मृत्यु के बाद क्या होगा। अच्छी बात यह है कि हम उन अन्तिम पृष्ठों को पलटकर पढ़ सकते हैं और जान सकते हैं कि इस जीवन के समाप्त हो जाने के बाद हमारा क्या होगा। परमेश्वर ने वह सब कुछ प्रकट कर दिया है, जिसे जानने की हम इच्छा कर सकते हैं, पर हमें यह बताने के लिए कि मृत्यु के द्वार पर कदम रखने पर हमें अपने जीवनों के सबसे बड़े नाटक में ले जाया जाएगा, उसने इस जीवन के बाद की काफ़ी घटनाएं प्रकट की हैं।

''क्योंकि जीवते तो इतना जानते हैं कि वे मरेंगे'' (सभोपदेशक 9:5), पर हम यह नहीं जानते कि कितनी देर तक जीवित रहेंगे। हम अपना अधिकतर समय जीवन के लिए तैयारी करने में गुजार देते हैं, जो अनिश्चित है, पर मृत्यु के लिए तैयारी करने में बहुत कम समय देते हैं, जिसे हम जानते हैं कि निश्चित है।

हमारी दिलचस्पी मृत्यु में क्यों होनी चाहिए या हमें इस बात की चिंता करने की क्या आवश्यकता है कि मरने के बाद क्या होगा? मृत्यु कैसी होती है? इससे हम पर क्या असर पड़ता है? इन प्रश्नों का उत्तर समझने से मृत्यु के बारे में हमारे विचार प्रभावित हो सकते हैं, मृत्यु के प्रति हमारा व्यवहार आकार ले सकता है (हमारा और दूसरों का भी), हमें आशा मिलती है, हमारे जीवन का ढंग प्रभावित होता है और मृत्यु के लिए तैयार होने की प्रेरणा मिलती है।

इस भाग में हम अपनी नश्वरता, अपनी बनावट, मृत्यु पर क्या होगा मृत्यु के बाद जीवन के आश्वासन और मृतकों की बीच की स्थिति यानी मृत्यु और पुनरुत्थान के बीच मनुष्य के अस्तित्व पर विचार करेंगे।